<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>12.01.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे</u>

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री मोदी आज स्वामी विवेकानंद की जयंती–राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 में होंगे शामिल।
- सोलन के अर्की शहर में पुराने बस स्टैंड के समीप आगजनी की घटना में करीब दो दर्जन दुकानें जलकर हुई राख।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज मैत्री संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में भूटान को भेंट करेगे 5 हजार चिलगोजा के पौधे।
- प्रदेश भर में खुश्क बना मौसम–सेब बागवान चिलिंग आवर्स पूरा करने के लिए बागीचों में कृत्रिम बर्फ जमाने को मजबूर।

प्रधानमंत्री युवा दिवस

आज स्वामी विवेकानंद की 163वीं जंयती है। देश भर में इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डॉयलांग 2026 के समापन सत्र में शामिल होंगे। मोदी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के युवा प्रतिनिधियों सहित देश विदेश के करीब तीन हजार युवाओं से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 10 जिलों से चुने गए 35 विद्यार्थी भी शामिल होंगे जहां इन विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री से मिलने का भी अवसर मिलेगा। आज आयोजित होने वाले कार्यक्रम में युवा प्रतिभागी प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के निर्माण हेतु अपने विचार पेश करेंगे।

आगजनी

सोलन जिले के अर्की शहर में पुराने बस अडडे के समीप बीती रात एक आगजनी की घटना में करीब दो दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई। मध्य रात्रि को लगी इस आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग व स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि साथ लगती अन्य दुकानें और मकान भी इसकी चपेट में आ गए हैं। बीती रात से आग बुझाने का कार्य लगातार जारी है। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने आज सुबह घटनास्थल का जायजा लिया और प्रभावितों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। इस घटना में दुकानदारों व साथ लगते घरों के लोगों की निजी संपत्ति को भारी नुक्सान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

मुख्यमंत्री

भारत और भूटान के मैत्री संबंधों को सशक्त करने की दिशा में आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भूटान के प्रतिनिधिमंडल को औपचारिक रूप से 5 हजार चिलगोजा के पौधे भेंट करेंगे। यह न केवल दो देशों के बीच विश्वास व पर्यावरणीय साझेदारी को दर्शाता है बल्कि चिलगोजा के वृक्ष से भूटान में पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अजीविका को बल मिलेगा। चिलगोजा के वृक्ष जैव विविधता, मिटटी संरक्षण और जल संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इससे पहले भी हिमाचल ने भूटान को चिलगोजा के लगभग 50 किलोग्राम बीज भेंट किए हैं जिससे भूटान में चिलगोजा के संरक्षण व विस्तार को बल मिला है।

एम्स बिलासपुर

अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान बिलासपुर ने एम्स दिल्ली के लिए मरीजों की रैफरल प्रणाली लागू कर दी है जिससे बिलासपुर से रैफर किए गए मरीजों को एम्स दिल्ली में पंजीकरण, ओपीडी स्लॉट जैसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा बल्कि उन्हें तुरंत उपचार प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इस सुविधा से रैफर किए गए मरीजों के पंजीकरण के लिए एम्स दिल्ली में सॉफटवेयर शुरू किया गया है ताकि ऐसे मरीजों को परेशानियों का सामना न करना पड़े और तुरंत उपचार उपलब्ध हो सके।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

सड़क सुरक्षा अभियान और शून्य–घातकता समाधानों के कार्यान्वयन के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शिमला जिला में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

घृत पर्व

कांगड़ा जिला में बृजेश्वरी देवी मंदिर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय घृत पर्व को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर अधिकारी शिवाली ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र में आस्था के प्रतीक इस पर्व के लिए श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में लगभग 25 क्विंटल देसी घी चढ़ाया गया है। पुजारियों द्वारा घी को मक्खन में बदलने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मकर सक्रान्ति की रात्रि मां बृजेश्वरी की पिंडी और क्षेत्रपाल भगवान पर इस मक्खन का लेप चढ़ाकर श्रृंगार किया जाता है और श्रद्धालुओं द्वारा रात भर जगराते का आयोजन किया जाता है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहने से न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी पाई गई है। हालांकि प्रदेश के पांच जिलों में पारा माइनस में पहुंचा है।

मौसम विभाग के अनुसार 16 और 17 जनवरी को प्रदेश की ऊंची चोटियों पर कहीं–कहीं हल्की वर्षा व हिमपात की संभावना रहेगी जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। विभाग ने 12 से 15 जनवरी तक मैदानी इलाकों में कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेश में लंबे समय से मौसम की बेरूखी के चलते सूखे जैसे हालात बन गए हैं। इसका सीधा असर अब प्रदेश की सेब बागवानी पर भी नजर आने लगा है। शिमला जिले के बागवानों को अब सेब के लिए जरूरी चिलिंग आवर्स पूरे न होने का डर सताने लगा है। परेशानी में बागवान चिलिंग आवर्स पूरे करने के लिए सेब के पौधों पर कृत्रिम रूप से आइस जमाने का प्रयोग कर रहे हैं। बागवानों का कहना है कि वे इस बात से अंजान हैं कि इस प्रयोग का पौधों और सेब की फसल पर क्या प्रभाव पड़ेगा लेकिन मौसम से परेशान होकर बागवानी को बचाने के लिए उनके पास यही विकल्प नजर आ रहा है जिसमें बागवान रात के समय बागीचों में पानी का छिड़काव कर रहे हैं जो कम तापमान के कारण जमकर कृत्रिम बर्फ में तब्दील हो रहा है।

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से.........</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। मौसम की खबर को अमर उजाला ने शीर्षक दिया है प्रदेश में धुंध का कहर, ऊना में कर्मियों को ले जा रही गाड़ी पलटी, 8 घायल।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लंबित भुगतान शीघ्र होंगे।

पंचायत चुनाव पर आज राज्य सरकार व चुनाव आयोग करेंगे अलग–अलग चर्चा शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है मंत्रियों व अधिकारियों से सीएम सुक्खू करेंगे कोर्ट के निर्णय पर मंथन।

हिमाचल में चल रहे विकास कार्यों को मिलेगा और बजट दिव्य हिमाचल की एक खबर है।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''</u>

- प्रधानमंत्री मोदी आज स्वामी विवेकानंद की जयंती–राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 में होंगे शामिल।
- सोलन के अर्की शहर में पुराने बस स्टैंड के समीप आगजनी की घटना में करीब दो दर्जन दुकानें जलकर हुई राख।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज मैत्री संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में भूटान को भेंट करेंगे 5 हजार चिलगोजा के पौधे।
- प्रदेश भर में खुश्क बना मौसम–सेब बागवान चिलिंग आवर्स पूरा करने के लिए बागीचों में कृत्रिम बर्फ जमाने को मजबूर।